पत्रिका

बरेली में पकड़े गए भारी संख्या में नकली नोट, दो गिरफ्तार, पूर्व प्रधान का बेटा फरार

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर 51 हजार 400 रुपये की नकली करेंसी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नकली नोटों के अलावा मोबाइल फोन, पैन कार्ड और एटीएम कार्ड भी बरामद किए गए हैं। वहीं गिरोह का सरगना पूर्व प्रधान को बेटा फरार है।

सोमवार को एसएसआई विश्वदेव सिंह अपनी टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि फतेहगंज पश्चिमी के टिटौली गांव के पास दो लोग नकली नोट लेकर बाजार में चलाने की फिराक में हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान फतेहगंज पश्चिमी के टिटौली निवासी मो. यामीन और धोरहरा टांडा के बजरिया निवासी अनमोल गुप्ता के रुप में हुई। वहीं गिरोह का सरगना भोजीपुरा के चिटिया जगन्नाथपुर निवासी डम्पी पुत्र पूर्व प्रधान शब्बीर फरार है। तलाशी के दौरान इनके पास से 100 के कुल 514 नकली नोट 51 हजार 400 रुपये, दो मोबाइल फोन, एक पैन कार्ड और एक एटीएम कार्ड बरामद हुआ।

Source: https://www.patrika.com/bareilly-news/large-number-of-fake-notes-caught-in-bareilly-two-arrested-former-chiefs-son-absconding-19450181